**सं. ए-42011/01/2023-समन्वय**

**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**समन्वय प्रभाग**

***

निर्माण भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: 14 मई, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए मार्च, 2024 माह प्रमुख गतिविधियों पर मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों पर अवर्गीकृत मासिक सारांश की एक प्रति मार्च, 2024 के माह के लिए अग्रेषित करने का निदेश दिया गया है।

सलग्नक: यथोपरोक्त।

हरि मोहन झा 14/05/2024

**(हरि मोहन झा)**
**अवरसचिव,भारत सरकार**
**दूरभाष: 2306 1047**

**सेवा में,**

**मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।**

संलग्नकों सहित अग्रेषित प्रति:

1. भारत सरकार के सभी सचिव
2. आईटी सेल, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**(अनुलग्नक)**

मार्च, 2024 माह के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों/कार्यक्रमों का सारांश

1. वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

- **पूंजीगत व्यय: 26,441.40 करोड़ रुपये**
- **राजस्व व्यय: 42,355.21 रुपये** करोड़

- स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीयू-यू) के अंतर्गत 76 हजार व्यक्तिगत घरेलू शौचालय इकाइयों (आईएचएचएल ) का निर्माण किया गया । लगभग 25 करोड़ मीट्रिक टन पुराने अपशिष्ट में से 9.57 करोड़ मीट्रिक टन (38%) अपशिष्ट का निपटारा किया गया है।
- **अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (** अमृत) **के तहत 50 लाख चालू जल नल कनेक्शन और 42 लाख सीवर कनेक्शन** जिसमें सेप्टेज प्रबंधन के तहत घरेलू कवरेज भी शामिल है, इस अवधि के दौरान सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में **प्रदान किए गए हैं । कुल मिलाकर 1,134 कस्बों/शहरों में " ऑनलाइन बिल्डिंग परमिशन सिस्टम" परिचालित** कर दिया गया है ।
- **-दीनदयाल** अन्त्योदय योजना **/**राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन **(डीएवाई/एनयूएलएम)** के तहत 1,06,631 एसएचजी बनाए गए। 60,066 एसएचजी को रिवॉल्विंग फंड दिया गया, 98,362 लाभार्थियों को व्यक्तिगत और सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए ऋण सम्बन्धी सहायता दी गई और बैंक लिंकेज कार्यक्रम के तहत एसएचजी को 1,09,746 ऋण दिए गए ।

- आवास क्षेत्र में, 22,133 रियल एस्टेट परियोजनाएं और 114,304 रियल एस्टेट एजेंट पंजीकृत किये गए।
- पी एम् स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि (पीएमएसवीएनिधि) के तहत 28.94 लाख नए लाभार्थियों को 6,045 करोड़ रुपये के 41.06 लाख ऋण संवितरित किए गए ।

2. मार्च, 2024 माह के दौरान कार्य निष्पादन/मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं :

**स्मार्ट सिटी मिशन**

माह के दौरान 6,922 करोड़ रुपये की लागत की 177 परियोजनाएं पूरी की गईं।

शिमला स्मार्ट सिटी ने आईआईटी रूड़की और हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (एचपीपीडब्ल्यूडी) के इंजीनियरिंग विशेषज्ञों के साथ साझेदारी में 15.03.2024 को 66.81 करोड़ रुपये की एक विकास परियोजना शुरू की है, जिसका लक्ष्य, हेरिटेज टाउन हॉल और पदम देव मार्केट के बीच स्थित महत्वपूर्ण क्षेत्र को स्थिर करना और पुनरुत्थान करना है ।

चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी ने सतत विकास की दिशा में प्रयासों के भाग के रूप में 14.03.2024 को चंडीगढ़ के सेक्टर 15 में जीरो वेस्ट मॉडर्न फूड स्ट्रीट के विकास की शुरुआत की है ।

**II अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत)**

<u>अमृत</u>

i. माह के दौरान **561** करोड़ रुपये की **32** परियोजनाओं का कार्य पूरा किया गया।

ii. माह में कुल **549** करोड़ रुपये के कार्य पूरे किए गये l

## अमृत 2.0

i. **2,600** करोड़ रुपये की लागत वाली **483** परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दी गई।

ii. **4,555** करोड़ रूपये की लागत वाली **307** परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी कर दी गई है।

iii. **9,661** करोड़ रुपये की लागत वाली **522** परियोजनाओं के लिए संविदा प्रदान की गयी है।

iv. **68.09** करोड़ रुपये की **34** परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है

## III दीनदयाल अन्त्योदय योजना / राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई/एनयूएलएम)

माह के दौरान 1**3,0**0**1** स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का गठन किया गया। 1**1,974** स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया। **14,074** लाभार्थियों को व्यक्तिगत और सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए ऋण संबंधी सहायता दी गई और एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूहों को **18,596** ऋण दिए गए।

## IV. पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि ( पीएमएसवीनिधि )

i. पीएम स्वनिधि के अंतर्गत 1,06,63,248 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 87,94,012 स्वीकृतियां और 84,14,932 ऋण संवितरित किए गए।

ii. मिशन के तहत मार्च, 2024 माह के दौरान 100.50 करोड़ रुपये जारी किए गए ।

## V. प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)/सभी के लिए आवास (एचएफए)

i. शुरुआत से, मिशन ने 1.19 करोड़ आवासों की मंजूरी दी है, जिनमें से 114.01 लाख आवास निर्माणाधीन है, जिनमें से 81.02 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं/ सुपुर्द किए जा चुके हैं।

ii. महीने के दौरान **5,440.92** करोड़ रुपये जारी किए गए, जो शुरुआत से यानी जून 2015 से कुल मिलाकर **1,63,926** करोड़ रुपये हो गए।

**VI. आवास**

इस महीने में रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 के तहत हुई प्रगति:

- 1736 रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत की गईं
- 593 रियल एस्टेट एजेंट पंजीकृत किये गये
- विभिन्न रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरणों द्वारा 1,056 शिकायतों का निपटारा किया गया

**V. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग**

1. सचिव एवं महानिदेशक (आईसीएआर ) ने 15.03.2024 को बरौंडा , रायपुर में राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम) के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया।

2. श्री जिष्णू बरुआ केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष द्वारा 11.03.2024 को ग्रिड इंडिया के उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया।

3. 28.03.2024 को देश भर के विभिन्न स्थानों पर मौजूदा भवनों के रखरखाव सहित रांची और अन्य स्थानों पर अपने भवनों के निर्माण के लिए सीपीडब्ल्यूडी और कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

4. 14.03.2024 को एनआईपीईआर, एसएएस नगर , मोहाली पंजाब में अनुसंधान और अन्य संस्थागत बुनियादी ढांचे के निर्माण/ उन्नयन के लिए

सीपीडब्ल्यूडी और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

5. आरटीआई चेन्नई में ईआरपी कार्यान्वयन के लिए 19.03.2024 से 22.03.2024 तक कार्यशाला आयोजित की गई थी और 12.03.2024 से 15.03.2024 तक ईआरपी कार्यान्वयन के लिए सीपीडब्ल्यूडी, मुंबई में कार्यशाला आयोजित की गई थी।